यूटीयू में 10 अप्रैल से शुरू होगी प्रोविजनल प्रवेश प्रक्रिया

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विवि (यूटीयू) में सोमवार को प्रवेश काउंसलिंग बोर्ड बैठक हुई। इसमें विवि के कॉलेजों व संबद्ध सभी संस्थानों में संचालित प्रथम वर्ष व लेटरल एंट्री (द्वितीय वर्ष) में प्रवेश प्रक्रिया पर बात की गई।

इसके अलावा यूटीयू में बीबीए और बीसीए पाठ्यक्रम भी इस साल से शुरू हो रहे हैं। इसमें में भी नए सत्र से प्रवेश शुरू हो जाएंगे। कुलपति की अध्यक्षता में हुई प्रवेश काउंसिलिंग बोर्ड बैठक में बताया गया कि 10 अप्रैल से प्रोविजनल प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

यूटीयू से संबद्ध संस्थानों में होंगे बीबीए और बीसीए पाठ्यक्रमों में भी नए सत्र से प्रवेश होंगे। सत्र 2024-25 के लिए परिसर व संबद्ध कॉलेजों में संचालित बीटेक, बी फार्मा, बीएचएमसीटी, बीबीए, बीसीए, एमटेक, एम फार्म आदि पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया पर बात हुई। ब्यूरो